# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी — कक्षा : आठवीं

| | |
|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का :** बस की यात्रा | **समयावधि :** 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** ---------------------------- | **पूर्णांक :** 20 |
| **अनुक्रमांक :** .............. | **दिनांक :** ....../....../........ |

**निर्देश:-** **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**1. बस की यात्रा -पाठ किस प्रकार की विधा (प्रकार) है-** 1

(क) कहानी (ख) संस्मरण (ग) नाटक (घ) व्यंग्य रचना

**2. संपन्न हुएं राष्ट्रीय आंदोलनों के नेतृत्वकर्ता का चुनाव कीजिए -** 1

(क) सविनय अवज्ञा आन्दोलन और असहयोग आन्दोलन- बाल गंगाधर तिलक
(ख) सविनय अवज्ञा आन्दोलन और असहयोग आन्दोलन- महात्मा गाँधी
(ग) सविनय अवज्ञा आन्दोलन और असहयोग आन्दोलन- सुभाष चाँद बोस
(घ) सविनय अवज्ञा आन्दोलन और असहयोग आन्दोलन- जवाहर लाल नेहरू

**3. कथन :-बस को देखकर लेखक के मन में श्रद्धा उमड़ पड़ी |** 1

कारण :- बस ने अपने जीवन काल में असंख्य संघर्ष झेले थें |
(क) कथन सही है और कारण गलत है
(ख) कथन गलत है और कारण सही है
(ग) कथन और कारण दोंनों गलत है
(घ) कथन और कारण दोंनों सही है

**4. धीरे-धीरे वृद्धा की ज्योति जाने लगी - वाक्यांश हेतु समुचित अर्थ का चयन कीजिए -** 1

(i) वह धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगी |
(ii) वह धीरे-धीरे बंद होने लगी |
(iii) उसकी लाईट बंद होने लगी |
(iv) वह धीरे-धीरे रुकने लगी |
(क) i और ii
(ख) ii और iii
(ग) iii और iv
(घ) ii और iv

Egyanarchive.org

**5.** कम्पनी के हिस्सेदार की कौनसी भावना को देखकर लेखक हरिशंकर परसाई अचंभित हुएं थे 1

(i) यात्रियों को बस में ले जाने की भावना से

(ii) बस की प्रशंसा करने की भावना से

(iii) बस के प्रति उत्सर्ग की भावना से

(iv) बस की कमियों को इंगित करने की भावना

(क) ii और iii

(ख) iv और iii

(ग) ii और iii

(घ) i और iv

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. आगा पीछा - शब्द युग्म में सही समास का चयन कीजिए -** 1

(क) द्वंद्व समास

(ख) तत्पुरुष समास

(ग) बहुव्रीहि समास

(घ) कर्मधारय समास

**7.** ***"हम फ़ौरन खिड़की से दूर सरक गए" ।***

***"चाँदनी में रास्ता टटोलकर वह रेंग रही थी" ।*** 1

**उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त समुचित क्रियाओं का चयन कीजिए -**

(क) फ़ौरन और दूर

(ख) रास्ता और टटोलकर

(ग) सरक और रेंग

(घ) उपर्युक्त सभी

**8. निम्नलिखित शब्दों के विलोम पदों को समुचित सुमेलित कीजिए** 1

| | |
|---|---|
| (क) वृद्धा | i. अचानक |
| (ख) राजा | ii. अन्धकार |
| (ग) ज्योति | iii. युवती |
| (घ) एकाएक | iv. रंक |

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9. लेखक के मन में कम्पनी के हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों पैदा हुई थी ?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**10. रास्ते में आने वाली प्रत्येक वस्तु और पेड़ लेखक को दुश्मन की तरह क्यों दिखाई दे रहे थे ?** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

**11. बस की यात्रा पाठ का निहितार्थ मूलभाव क्या है ?** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

**12. समय , सुरक्षा और पर्यावरण की दृष्टि से इस प्रकार के साधन अनुपयुक्त हैं - पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए |** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13. आप अपनी किसी यात्रा के खट्टे -मीठे अनुभवों को याद करते हुएं एक लेख लिखिए -** 4

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 1. | **स्मरण** | **उत्तर:- (घ)** | 1 |
| 2. | **स्मरण** | **उत्तर:- (ख)** | 1 |
| 3. | **विश्लेषण** | **उत्तर:- (घ)** | 1 |
| 4. | **स्मरण** | **उत्तर:- (घ)** | 1 |
| 5. | **स्मरण** | **उत्तर:- (ग)** | 1 |
| | | **(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 6. | **अनुप्रयोग** | **उत्तर:- (क)** | 1 |
| 7. | **अनुप्रयोग** | **उत्तर:- (ग)** | 1 |
| 8. | **स्मरण** | **उत्तर:-**<br>वृद्धा - युवती<br>राजा - रंक<br>ज्योति -अन्धकार<br>एकाएक- अचानक | 1 |
| | | **(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| 9. | **लेखन,विश्लेषण** | उत्तर:- बस की दयनीय दुर्दशा होने के बावजूद भी बस का हिस्सेदार अपनी बस में सवार होकर अंतिम पड़ाव तक यात्रा कर रहा था तथा रास्ते में आने वाली हरेक समस्या को पार पा लेगी ऐसे मजबूत विचार शक्ति के साथ खड़े होने के कारण व उसकी उत्सर्गयुक्त भावना को देखकर लेखक के मन में हिस्सेदार के प्रति श्रद्द्धा भाव जागृत हुआ \| | 2 |
| 10. | **लेखन,विश्लेषण** | उत्तर:- बस का प्रत्येक पुर्जा अपनी -अपनी जगह से हिल चुका था \| उसका कोई भी भाग कभी निकलकर रास्ते में वाली किसी वस्तु और पेड़ों से टकरा जाने की संभावना के करना लेखक को हरेक वस्तु दुश्मन की भांति प्रतीत हो रही थी | 2 |
| 11. | **चिंतन,लेखन** | उत्तर:- वस्तुतः यह पाठ व्यंग्यात्मक शैली में लिखा गया है \| लेखक इस पाठ के माध्यम से आमजनता को यह सन्देश देना चाहता है कि हमें कभी भी इस प्रकार के संसाधनों का उपयोग नहीं करना चाहिए जो तकनीकी रूप से असुरक्षित हो \| क्योंकि इस प्रकार के संसाधन जन-धन की हानि के साथ -साथ पर्यावरणीय दृष्टि से भी घातक सिद्ध हो सकते है \| समयानुसार वस्तुओं का नवीनीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक होता है \| | 2 |
| 12. | **चिंतन,लेखन** | उत्तर:- जो वस्तु अथवा साधन तकनीकी रूप , पर्यावरणीय सुरक्षा और जन-धन की दृष्टि से अपने मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं ; उनके उपयोग पर सख्त पाबन्दी लगानी चाहिए \|<br>कई बस चालक और कंपनी वाले अपने फायदे के लिए औरों के जीवन को दांव पर लगाने के साथ -साथ पर्यावरण को भी भारी क्षति पहुंचाते है \| | 2 |
| | | (रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न) | |
| 13. | **सृजन,लेखन** | उत्तर:- विद्यार्थी अपने विवेकानुसार विचार करेंगे | 4 |